निकोबारी जनजाति

[स्रोत: द हिंदू](#)

चर्चा में क्यों?

निकोबार द्वीप समूह में **निकोबारी प्रवास के कालक्रम को एक अध्ययन द्वारा अद्यतन** किया गया है, जो यूरोपीय **जर्नल ऑफ ह्यूमन जेनेटिक्स** में प्रकाशित हुआ है।

निकोबारी जनजाति पर अध्ययन के मुख्य निष्कर्ष क्या हैं?

- **संशोधित प्रवास समयरेखा:** पिछले अध्ययनों से अनुमान लगाया गया था कि निकोबारी लोगों के ऑस्ट्रोएशियाटिक पूर्वज **11,000 साल पहले निकोबार** द्वीप समूह में आये थे ।
  - उन्नत डीऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड (DNA) विश्लेषण का उपयोग करते हुए नवीनतम अध्ययन द्वारा इस अनुमान को संशोधित कर लगभग 5,000 वर्ष पूर्व कर दिया गया।
- **आनुवंशिक संबंध**: अध्ययन में पाया गया कि निकोबारी लोग **हतिन माल समुदाय (लाओस-थाईलैंड क्षेत्र** के मूल निवासी जातीय समूह) के साथ पैतृक संबंध साझा करते हैं।
  - इससे यह पुष्टि होती है कि उनके पूर्वज **दक्षिण एशिया** की बजाय दक्षिण-पूर्व एशिया से आये थे।
- **आनुवंशिक पहचान का संरक्षण:** अपने **भौगोलिक अलगाव के कारण**, निकोबारी लोगों ने न्यूनतम बाहरी प्रभाव के साथ अपनी **आनुवंशिक पहचान** बनाए रखी है।
  - **इससे शोधकर्त्ताओं को उनके पूर्वजों का अधिक सटीक रूप से पता लगाने में मदद मिली है।**
- **भाषाई निरंतरता:** दक्षिण-पूर्व एशिया के साथ अपने आनुवंशिक संबंधों के बावजूद, निकोबारी लोगों ने अपनी **ऑस्ट्रोएशियाटिक भाषाई जड़ों** (खमुइक शाखा) को बनाए रखा है, जो उन्हें अन्य दक्षिण-पूर्व एशियाई आबादी से जोड़ता है।



निकोबारी जनजाति के बारे में मुख्य बिंदु क्या हैं?

- **भूगोल: निकोबारी लोग बंगाल की खाड़ी** में निकोबार द्वीप समूह में रहते हैं, जो भारत के [अंडमान और निकोबार द्वीप समूह](#) केंद्रशासित प्रदेश का हिस्सा है।
  - निकोबार द्वीप समूह में 19 द्वीप शामिल हैं, जिनमें प्रमुख द्वीप **कार निकोबार, कामोर्टा, नानकोरी और ग्रेट निकोबार** हैं, जिनमें पहाड़ी और समतल दोनों क्षेत्र शामिल हैं।
- **ग्रेट निकोबार निकोबार द्वीपसमूहों** में सबसे दक्षिणी तथा सबसे बड़ा द्वीप समूह है।
- **जातीय समूह: निकोबारी लोग मंगोलॉयड जातीय समूह से संबंधित हैं तथा उनकी जनसंख्या 27,000 से अधिक है।**
  - हालाँकि वे जनजातियों में विभाजित नहीं हैं, फिर भी उन्हें छह प्रादेशिक समूहों में वर्गीकृत किया गया है**कार निकोबार, चौरा, टेरेसा विद बोम्पोका (Teressa with Bompoka), केंद्रीय समूह, दक्षिणी समूह और शोम्पेन** (ग्रेट निकोबार की अंतर्देशीय जनजाति)।
- **सामाजिक संरचना: पितृसत्तात्मक संयुक्त परिवार प्रणाली जिसे तुहेट (Tuhet)** के नाम से जाना जाता है।
  - तुहेट (Tuhet) लोगों के पास भूमि, नारियल के पेड़ और सूअर व्यक्तिगत रूप से नहीं बल्कि सामूहिक रूप से होते हैं।

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

[illegible]:

प्रश्न. निम्नलिखित में से किनमें प्रवाल भित्तियाँ पाई जाती हैं? (2014)

1. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह
2. कच्छ की खाड़ी

3. मन्नार की खाड़ी
4. सुंदरबन

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 2 और 4
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2, 3 और 4

उत्तर: (a)

प्रश्न. द्वीपों के निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म 'दस डिग्री चैनल' द्वारा एक-दूसरे से अलग किया जाता है? (2014)

(a) अंडमान और निकोबार
(b) निकोबार और सुमात्रा
(c) मालदीव और लक्षद्वीप
(d) सुमात्रा और जावा

उत्तर: (a)

प्रश्न . निम्नलिखित में से किस स्थान पर शोम्पेन जनजाति पाई जाती है? (2009)

(a) नीलगिरि पहाड़ियाँ
(b) निकोबार द्वीप समूह
(c) स्पीति घाटी
(d) लक्षद्वीप द्वीप समूह

उत्तर: (b)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/nicobarese-tribe